उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)

Uttarakhand Open University

Teenpani Bypass, T. P. Nagar, Haldwani- 263139

Ref. No. UOU/~~MPDD~~/Maintenance/1403 Date: 02/11/2026

पुन: कोटेशन नोटिस

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी में निम्नलिखित कार्य हेतु इच्छुक, पात्र एवं अनुभवी फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से निर्धारित प्रारूप में मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक फर्में कार्य से संबंधित अपनी एकमुश्त दरें दिनांक 04/11/2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक विश्वविद्यालय के अनुरक्षण अनुभाग में डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते हैं। लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से "बागवानी कार्य हेतु कोटेशन" अंकित होना अनिवार्य है। नियत तिथि व समय के पश्चात प्राप्त किसी भी कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

कार्य का विवरण

क्र.सं.	विवरण	मात्रा	अनुमानित दर (रू.) प्रति यूनिट	कुल अनुमानित धनराशि (रुपये) (L.S) (GST अतिरिक्त)
1	मिट्टी (भरान हेतु)	10 ट्राली		
2	ट्रैक्टर ट्रॉली किराये पर लोडिंग अनलोडिंग हेतु श्रमिक सहित (विभिन्न सामग्रियाँ, पौधे खाद मिट्टी आदि विभिन्न सामग्रियाँ, एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने ले जाने हेतु)	5 दिन		
कुल अनुमानित धनराशि (GST अतिरिक्त)				

नियम और शर्तें (Terms and Conditions)

1. दर बिना GST के उद्धृत करनी होगी। जीएसटी को अलग से स्पष्ट रूप से दर्शाई जानी चाहिए।
2. कोटेशन में दर्शाई गई दरें समस्त सामग्री, श्रम, उपकरण, परिवहन, लोडिंग-अनलोडिंग, सुरक्षा उपाय एवं अन्य सभी प्रासंगिक व्ययों सहित पूर्ण एवं अंतिम मानी जाएंगी।
3. प्रयुक्त सामग्री ISI मानक व उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। कार्य में किसी भी प्रकार की घटिया सामग्री, दोषपूर्ण कारीगरी या निर्धारित विनिर्देशों से विचलन पाए जाने पर कार्य अस्वीकार किया जाएगा तथा तथा सुधारीकरण ठेकेदार द्वारा अपने खर्च पर कराया जाएगा।
4. कार्य का आदेश जारी होने की तिथि को शामिल करते हुए अधिकतम 2 दिन के भीतर कार्य प्रारंभ करना होगा, तथा कार्यादेश की तिथि से 10 दिवस के भीतर सभी कार्य पूरे करने होंगे ऐसा ना होने पर कार्यादेश स्वतः ही रद्द माना जायेगा।
5. निविदा का मूल्यांकन कार्य / सामग्री की कुल राशि पर ही किया जाएगा।
6. फर्म का संगत कार्य में GST पंजीकरण अनिवार्य है। प्रमाण पत्र संलग्न करें।
7. क्रय समिति मार्केट सर्वे के आधार पर ही दरों का सत्यापन कर अंतिम निर्णय लेगी।
8. भुगतान कार्य निर्धारित मानकों व गुणवत्ता का पाए जाने के उपरांत किया जाएगा।
9. **दोष देयता अवधि (Defect Liability Period):** कार्य पूर्ण होने के **06 माह** के भीतर यदि निर्माण/ सेवा/ मरम्मत/ सौंदर्यीकरण या पेंटिंग में कोई खराबी (जैसे दरार, पेंट का उखड़ना, सीलन आदि) आती है, तो ठेकेदार को उसे अपने स्वयं के खर्चे पर ठीक करना होगा। इसके लिए कुल बिल का 5% 'जमानत राशि' के रूप में रोका जा सकता है।
10. कार्य समय पर एवं गुणवत्ता के साथ करना अनिवार्य होगा। आंशिक, अपूर्ण अथवा असंतोषजनक कार्य की स्थिति में विश्वविद्यालय को भुगतान रोकने अथवा कटौती करने अथवा प्रतिबंधित/ ब्लैकलिस्टेड करने का पूर्ण अधिकार होगा।
11. ठेकेदार कार्यस्थल पर अपने श्रमिकों की सुरक्षा, बीमा एवं श्रम कानूनों के अनुपालन हेतु पूर्ण रूप से स्वयं जिम्मेदार होगा। किसी भी दुर्घटना/हानि के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286000Fax No. 264232

Websit:www.uou.ac.in, E-mail: registrar@uou.ac.in

Scanned with OKEN Scanner

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी, (नैनीताल)

Uttarakhand Open University

Teenpani Bypass, T. P. Nagar, Haldwani- 263139

Ref. No. UOU/ ~~MPDD~~ MAINTENANCE/1403 Date: 02/11/2016

12. दरें उपलब्ध करने से पूर्व कार्यस्थल का निरीक्षण अनिवार्य है अतः कार्य के विवरण और स्थान के निरीक्षण के लिए, इच्छुक ठेकेदार कार्य दिवसों में अनुरक्षण अनुभाग से संपर्क करें। इच्छुक ठेकेदार को स्कोप ऑफ वर्क की जानकारी का सहमति प्रमाणन अनुरक्षण अनुभाग में करना होगा अन्यथा फर्म कि दरों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
13. कार्य की गुणवत्ता विश्वविद्यालय/अनुरक्षण विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई जाने पर ही भुगतान किया जाएगा।
14. कार्य के दौरान विश्वविद्यालय की संपत्ति को हुई किसी भी क्षति की पूर्ण भरपाई ठेकेदार द्वारा की जाएगी।
15. कोटेशन नोटिस मात्र दरों की जानकारी हेतु जारी किया जा रहा है। फर्म यह सुनिश्चित कर ले कि इस आधार पर क्रयादेश/ कार्यादेश पाने का कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
16. विश्वविद्यालय को बिना कोई कारण बताए किसी भी अथवा सभी कोटेशन को आंशिक या पूर्ण रूप से स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा तथा इस संबंध में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

फर्म प्रतिनिधि का नाम व हस्ताक्षर:.....

- फर्म का नाम: .....(GST Number).....
- फर्म का पता: .....
- फर्म का संपर्क नंबर (Mobile): .....
- फर्म की ईमेल आईडी (Email ID): .....
- फर्म की मुहर (यदि हो तो): .....

अध्यक्ष, केंद्रीय क्रय समिति

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

Nainital (Uttarakhand) Phone No. +91-5946-286000Fax No. 264232

Websit:www.uou.ac.in, E-mail: registrar@uou.ac.in

Scanned with OKEN Scanner